## एक नजर

### दिव्यांग पत्नी को पीटा साले को धमकाया

**घुंघचिहाई।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम करनापुर के विनोद ने बताया कि उसकी दिव्यांग बहन की शादी चार साल पहले घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव केशवपुर निवासी प्रदीप से हुई थी। आरोप है कि पति शुरुआत से ही विवाहिता को प्रताड़ित करता था। आए दिन मारपीट की जाती। 15 मई को बेवजह आरोपी ने पीड़ित की बहन को पीटकर घर से निकाल दिया। जब सूचना मिलने पर वह बहन की ससुराल पहुंचे तो उनसे भी अभद्रता की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** जनपद शाहजहांपुर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि वह अपनी पुत्री के साथ बरखेड़ा क्षेत्र में नौ मई को गई थी। उसी रात 20 वर्षीय पुत्री को गांव पैनिया रामकिशन का अंकित कुमार उर्फ कुंज बिहारी बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेटी के न मिलने पर जब आरोपी के घर गई तो उसके परिवार वालों ने धमकी देकर भगा दिया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश को टीम लगाई है

### 130 महिलाओं की हुई जांच

**बरखेड़।** सीएचसी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवतियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। डॉक्टर मनीषा चौरसिया ने 130 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। 84 गर्भवती महिलाओं को फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार गंगवार ने बताया कि शिविर में गर्भवतियों की जांच की गई है।

# टनकपुर हाईवे: आसान नहीं रात का सफर, कदम-कदम पर हादसे का डर

## सुधार कार्य के नाम पर डाली मिट्टी और ईंटों के ढेर बने मुसीबत, जिम्मेदार कर रहे नजरअंदाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नाला निर्माण कार्य को लेकर भी सड़क पर फैली अव्यवस्था रोशनी के पर्याप्त इंतजाम नहीं

**अमृत विचार:** टनकपुर हाईवे पर सफर आसान नहीं है। रात के वक्त तो खासा ध्यान रखें और संभल कर चलें, अन्यथा आप हादसे का शिकार हो सकते हैं। यहां न तो स्ट्रीट लाइट्स ही ठीक से काम करती हैं, पुलिस का अता-पता नहीं, अधिकतर स्थानों पर न तो रिफलेक्टर हैं, न ही संकेतक। कई जगह रेलिंग भी नदारद है। गहरे गड्ढे भी हादसों की वजह बन रहे हैं। ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार नहीं हो रहा। यह आलम तब है जब इन दिनों सड़क हादसों की रोकथाम के लिए शासन प्रशासन स्तर से मुहिम चलाई जा रही है। डीएम और एसपी चिन्हित 19 ब्लैक स्पॉट के सुधारात्मक कार्य के लिए एनएचआई , पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। लेकिन, हादसे रोकने के लिए जमीनी स्तर पर कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं। ऐसे में राहगीरों को खासकर रात के वक्त हाईवे पर सफर करने के दौरान सतर्कता बरतने की जरूरत है। आलम ये है कि इधर सावधानी हटी और उधर दुर्घटना घटी।

टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा से लेकर कचहरी तक के रास्ते पर पिछले कई सालों से एक समस्या बनी हुई थी। फुटपाथ से मुख्य सड़क की ऊंचाई काफी अधिक थी। जिसके चलते कई बार पूर्व में हादसे हो चुके हैं। पूर्व डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने भी बीते साल एफसीआई गोदाम के पास स्कूटी सवार छात्राओं के घायल होने और डिप्टी आरएमओ कार्यालय के बाहर डीसीएम पलटने के बाद संज्ञान लिया था। मगर उस वक्त कुछ खास काम नहीं हो सका था।



टनकपुर हाईवे से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

जिसके बाद इसी माह की शुरुआत में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुए जब डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय की ओर से मुहिम शुरू की गई और ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन पर सुधारात्मक कार्य कराने की प्लानिंग कर ली तो लगा था कि जल्द समस्या से निजात मिलेगी। मगर जिम्मेदारों की ओर से फुटपाथ को सड़क के समतल करने के लिए डाली गई मिट्टी अब हादसे का सबब बनती दिखाई दे रही है।

### अंधाधुंध खुदाई बनी मुसीबत



**सीन 4** टनकपुर हाईवे से सटी अयोध्यापुरम कॉलोनी में नाला निर्माण को लेकर खुदाई की गई है। खास बात यह है कि नाला निर्माण करने वालों ने नाला खुदाई के दौरान निकाली गई मिट्टी को बेतरतीब ढ़ग से सड़क पर ही बिखेर दिया। जिससे सड़क जहां-तहां ऊबड़खाबड़ हो चुकी है। वाहनों चालको के लिए यहां से गुजरना एक मुश्किल भरा काम नजर आता दिखाई दे रहा है। वहीं नाले की तरफ बने घरों में रहने वाले लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिट्टी खुदाई किए कई बीत चुके हैं, लेकिन काम धेले भर का भी नहीं हुआ है। यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो आने वाले बरसात के दिनों में समस्या और भी बढ़ेगी।

### हादसों के बाद भी नहीं ले रहे सबक



टनकपुर हाईवे पर दिन-रात बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है। अस्पताल, स्कूल और कचहरी जाने वाले इस मार्ग को ही चुनते हैं। ऐसे में गौहनिया चौराहा से **सीन 1** नकटादाना चौराहा तक फुटपाथ पर डाली मिट्टी व पत्थरों का पहाड़ बन गया है। एफसीआई गोदाम के पास तो सड़क के दोनों तरफ अव्यवस्था दिखाई दे रही है। रात के वक्त इस मार्ग पर रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं रहते। एक्सीडेंट भी कई हो चुके हैं। ऐसे में सड़क और फुटपाथ की ऊंचाई का अंतर मिटाने के लिए की गई कवायद ही हादसे को न्यौता देती दिखाई दे रही है।

### रेलिंग न रिफ्लेटक्टर, चूके तो आफत में जान



टनकपुर हाईवे पर गौहनिया तालाब की रेलिंग बीते दिनों क्षतिग्रस्त हो गई थी। **सीन 2** रेलिंग का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद तालाब में ही समां गया था। इसे लेकर हादसे का डर बढ़ा तो शिकायतें की गई। जिसके बाद प्रशासन ने संज्ञान भी लिया। पहले मिट्टी से पटान कराया गया। जिसके बाद बांस लगा दिए गए हैं। उन पर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप भी लगाया गया है। ताकि रात के वक्त हादसे से बचा जा सके। मगर स्थायी इंतजाम कई दिन बाद भी नहीं हो सका है। लगाए गए बांस के सहारे हादसे को कैसे रोका जा सकेगा, इस पर राहगीर भी सवाल खड़े करते दिखाई दे रहे है। उनका कहना है कि मार्ग पर रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम कराए जाने चाहिए।

### यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग...किसी नर्क से कम नहीं



**सीन 3** शहर को बारिश से बचाने के लिए नगर पालिका की आरे से इन दिनों कई जगह नये नालों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में कुछ अव्यवस्था तो होना आम बात है। यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग पर इन दिनों मां पूर्णागिरि जाने वाले श्रद्धालुओं की भी आवाजाही बनी हुई है। जिसके चलते श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉलियां डीजे लगे वाहन भी गुजर रहे है। एक तरफ नाले को लेकर खुदाई करने के साथ मिट्टी के ढेर लगे होने से नर्क जैसे हालात बने हैं। वहीं, इसके अलावा दूसरी तरफ सड़क पर ही निर्माण सामग्री फैला दी गई है। दिन में लू चलने पर धूल के थपेड़े मुसीबत बने हुए हैं। फिर रात के वक्त अंधेरे में इस मार्ग से आवाजाही करते वक्त राहगीरों की मुसीबत बनी हुई है। राहगीरों का कहना है कि कम से कम निर्माण सामग्री को ही साइड से करा दिया जाए तो कुछ राहत मिल सकेगी।

# अवैध क्लीनिक, दो पैथोलॉजी लैब सील

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि नगर में आधे अधूरे मानकों पर दो लैब और एक क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। जिसके चलते अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीनों को सील कर दिया। इस कार्रवाई के चलते हड़कंप मचा रहा। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा।

कस्बे में रजिस्ट्री कार्यालय के सामने संचालित न्यू पूरनपुर पैथोलॉजी लैब पर सीएचसी अधीक्षक डॉ.अनिकेत गंगवार ने गुरुवार को टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान यहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। पूछताछ में लैब संचालक डॉक्टर के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और बातों में उलझाने की कोशिश करने लगा। इस पर टीम ने लैब को सील कर दिया। नजदीक में ही डॉ. संजय सिंह का अवैध रूप से क्लीनिक संचालित होता मिला। वहां मरीजों की भीड़ मौजूद थी। पंजीकरण न होने पर क्लीनिक को सील कर दिया गया।



क्लीनिक पर टीम के पहुंचते ही मची खलबली। ● अमृत विचार

- नायब तहसीलदार की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग ने दस्तावेज और डाक्टर डाक्टर ने की कार्रवाई तो
- एमओआईएसी बोले- अधूरे मानकों पर चल रहे थे क्लीनिक और दोनों पैथोलॉजी लैब

इसके अलावा ब्लॉक रोड पर लखनऊ डायग्नोस्टिक सेंटर पर टीम जांच पड़ताल के लिए पहुंची। यहां भी बिना डॉक्टर के खून की जांच की जा रही थी। आधे अधूरे मानक से संचालित हो रहे इस लैब को भी सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई को लेकर खलबली मच गई। कस्बे के कई क्लीनिक और लैब संचालक प्रतिष्ठान बंद करके चले गए। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित भी मौजूद रहे। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि दस्तावेज न होने और डॉक्टर न मिलने पर दो लैब और एक क्लीनिक सील किया गया है।

# करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत, दी तहरीर

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। पड़ोसी पर करंट छोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई है। थाना क्षेत्र के गांव मटैहना कॉलोनी नंबर एक की निवासी विंद्रावती पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी भैंस घर के कुछ दूरी पर चर रही थी। इसी दौरान जमीन पर पड़े बिजली के तार की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। आरोप है कि पड़ोस के एक युवक ने बिजली का तार डाल रखा था, जोकि डायरेक्ट बिजली की लाइन से जुड़ा था। अक्सर रात्रि में भी युवक करंट छोड़ देता है। इससे पहले भी कई बार हादसे से हो चुके हैं। अगर जल्द ही तार को नहीं हटाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उधर, महिला ने पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों से भी शिकायत की है।

# तीन घंटे सर्जरी के बाद निकाली दो किलो की तिल्ली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में लखीमपुर खीरी के अल्ताफ की स्पिलन (तिल्ली) फट गई थी। जिस कारण उसके पेट में बैक्टीरियल संक्रमण फैलना शुरु हो गया था। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने चेकअप किया। जिसके बाद तीन घंटे ऑपरेशन के बाद फटी हुई तिल्ली पेट से निकाल अल्ताफ की जान बचाई जा सकी। ऑपरेशन होने के बाद अल्ताफ स्वस्थ्य होने लगा है। सर्जरी डॉ. सतीश ने बताया कि अगर उसका समय से ऑपरेशन नहीं होता तो उसकी जान जा सकती थी। इधर, मेडिकल कॉलेज में लगातार चल रही फजीहत के बाद एक सराहनीय कार्य भी सामने आया है। जिस पर प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई दी।

10 मई असम हाईवे पर तड़के सुबह एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। जिसमें तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। जिसमें 35 लोग घायल हुए थे। इस हादसे में लखीमपुर खीरी जिले के थाना सिंघाई क्षेत्र के गाव मथुआ टांडा निवासी 35 वर्षीय अल्ताफ भी गंभीर रुप से घायल हो गए थे। यह सभी मजदूरी करने के लिए मरेठ में मजदूरी करके वापस आ रहे थे। जब घायलों को मेडिकल कॉलेज लाया गया तो घायलों में मोहम्मद अल्ताफ की हालत गंभीर बनी हुई थी। तिल्ली फटने से उसके शरीर में संक्रमण फैलने लगा था।



आपॅरेशन के बाद स्वस्थ हुआ अल्ताफ

- गजरौला में पिछले दिनों डीसीएम पलटने से हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ था अल्ताफ

इस पर सर्जन डॉ. सतीश ने मरीज का चेकअप किया तो ऑपरेशन करने की बात निकलकर सामने आई। जिसके बासद डॉ. सतीश और उनकी टीम ने मेडिकल कॉलेज में ही ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा के निर्देशन में उसे ऑपरेशन के लिए ओटी ले गए। जहां एचओडी डॉ. जगदंबा सरन, डॉ. अमित कोहली, डॉ. रुचिता बोरा, डॉ. रितिका अग्रवाल, डॉ. तनवीर अहमद, डा. सैफ ने मिलकर ऑपरेशन किया। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद यह पहली बड़ी सर्जरी थी। जिसमें सफलता मिली। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने उसके पेट से करीब दो किलो की तिल्ली को बाहर निकाला। ऑपरेशन होने के बाद जब मरीज को होश आया तो उसने बताया कि वह उसे दर्द से निजात मिल गई है।

### क्या है तिल्ली का शरीर में कार्य

मेडिकल कॉलेज के सर्जन डॉ. सतीश ने बताया कि तिल्ली का कार्य शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखना है। उसमें सफेद रक्त कणिकाएं बनती हैं। जिसे लिम्फोसाइट्स कहा जाता है। यह ही शरीर में फर्स्ट लाइन रोग प्रतिरोधक का कार्य करती हैं और बाहर आने वाले किसी भी संक्रमण को शरीर के अंदर फैलने से रोकती हैं। संक्रमण होने पर स्प्लीन खराब रक्त कणिकाओं के साथ ही लाल रक्त कणिकाओं को भी खत्म करने लगती है जिससे मरीज को नुकसान होने लगता है। अगर ऑपरेशन नहीं होता तो शायदा उसकी जान चली जाती। यह पूरी टीम की मदद से संभव हो सका है।

> मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सुविधाएं धीरे-धीरे बढ़ रही है। जिन बीमारियों का इलाज करने के लिए मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा था। अब उन्हें यहीं पर इलाज मिल रहा है। यह ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज की टीम की कामयाबी है। वरना मरीज की जान पर आ सकती थी। आगे भी इस तरह से टीम कार्य करती रहेगी। संसाधन और डॉक्टर बढ़ रहे हैं। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज में समुचित इलाज की सुविधा मिलेगी। **-डॉ. संगीता अनेजा** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

# अब प्रधान ने दर्ज कराई बाइक सवार के खिलाफ क्रास रिपोर्ट

संवाददाता, बरखेड़ा

- नशे में वाहन चलाकर बेटे को टक्कर मारने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया पचपेड़ा के ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार ने पुत्र तेजदीप 28 अप्रैल को घर से काम के सिलसिले में बाइक से बरखेड़ा जा रहा था। शाम करीब सात बजे गांव कुरैइयामें सामने से आ रहे बाइक सवार गांव फूटाकुआं निवासी रामऔतार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्रधान ने आरोप लगाया कि रामऔतार नशे की हालत में था। जिस वजह से उसके बेटे को चोट आई। मौके पर गांव के ही कुछ लोग मौजूद थे, उनसे सूचना मिलने पर पीड़ित मौके पर पहुंचा और बेटे को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद ने पुत्र को कस्बा बरखेड़ा मे स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि राजेंद्र कुमार की ओर से रामऔतार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, दूसरे पक्ष से ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार और उसके पुत्र तेज़दीप के खिलाफ पूर्व में ही रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है।

# 116 बच्चों के निजी स्कूलों में पढ़ने की राह हुई आसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 116 बच्चों के निजी स्कूल में पढ़ने का सपना साकार होने जा रहा है। तीसरे चरण की लॉटरी के बाद इन बच्चों को निजी स्कूल में प्रवेश देने की तैयारी शुरू हो गई। वहीं 10 पात्र बच्चों को सीट न होने की वजह से प्रवेश से वंचित होना पड़ा। शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर निर्बल आय वर्ग के बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिए जाने का प्रावधान है। प्रवेश प्रक्रिया चार चरणों में आयोजित की जानी है।



लॉटरी प्रक्रिया संपन्न करते सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

> आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 116 बच्चों का चयन किया गया है। सीटें न होने की वजह से 10 बच्चों का चयन नहीं हो सका। जल्द ही चयनित बच्चों को स्कूल आवंटित किए जाएंगें। चयनित बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए सभी बीईओ व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर निर्देशित कर दिया गया। जो भी स्कूल छात्रों के प्रवेश नहीं लेंगे उन स्कूलों की मान्यता खत्म कर दी जाएगी। **- अमित कुमार**, बीएसए

- आरटीआई के तहत तीसरे चरण में लॉटरी के बाद बच्चों को हुआ स्कूल आवंटन, सत्यापन में 100 आवेदन पाए गए अपात्र

तीसरे चरण को लेकर 15 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसके तहत 226 आवेदन किए गए। बीईओ स्तर से आवेदनों का सत्यापन किया गया। सत्यापन में 100 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। जबकि 126 आवेदन पात्र पाए गए। शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा लाटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया गया। इस दौरान एमआईएस इंचार्ज पवन कुमार, डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर राकेश पटेल मौजूद रहे। इसमें 116 बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया गया। वहीं 10 बच्चों को स्कूलों का आवंटन नहीं हो सका। इन सभी बच्चों को आरटीई के दायरे में आने वाले स्कूलों में सीट न होने के चलते प्रवेश नहीं मिल सका। इधर अब अंतिम एव चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया 20 मई से शुरू होगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

# कार चालक की पिटाई करने वाले चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कार चालक से मारपीट करने वालों पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर के धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ईको चलाते हैं। जिसमें बीसलपुर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत प्राइमरी विद्यालयों के अध्यापकों को बरेली से लाने व ले जाने का कार्य करते हैं। बुधवार को कार लेकर शिक्षकों को लेने ईदगाह चौराहा पर गए थे। वहां पर मौजूद प्राइवेट बस यूनियन के टाइम कीपर अशफाक और तीन अन्य लोगों ने गाली गलौज के बाद पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस जांच कर रही है।




# क्रिकेट और खो-खो में सतपुरा हाउस ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बेनहर पब्लिक स्कूल में कक्षा चार और पांच की छात्राओं का इंटर हाउस खो-खो और छात्रों के बीच इंटर हाउस क्रिकेट मैच का आयोजन गुरुवार को हुआ। जिसमें चारों हाउस की टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता की शुरुआत प्राइमरी इंचार्ज रचना वाधवा, डीन ऐक्टिविटीज नितिन कौशिक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके की। पहला क्रिकेट मैच अरावली और सतपुरा हाउस के बीच खेला गया। जिसमें सतपुरा हाउस ने विजय प्राप्त की। दूसरा मैच हिमालय और विंध्या के बीच खेला गया। जिसमें विंध्या हाउस विजयी रहा। फाइनल क्रिकेट मैच विंध्या और सतपुरा हाउस के बीच खेला गया। जिसमें सतपुरा हाउस विजयी रहा।सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सतपुरा हाउस के शिवांश और हिमालया हाउस के सनाविल व विंध्या हाउस के बाकिर रहे जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सतपुरा हाउस के विवान सक्सेना और अरावली हाउस के लक्ष्य रहे।



खो-खो खेलती हुई छात्राएं। ● अमृत विचार

- बेनहर पब्लिक स्कूल में कक्षा चार और कक्षा पांच की छात्राओं के बीच हुई प्रतियोगिता

उधर, छात्राओं का पहला खो-खो मैच सतपुरा और हिमालय हाउस के बीच हुआ। जिसमें सतपुरा हाउस विजयी रहा। दूसरा मैच अरावली और सतपुरा के बीच हुआ। जिसमें अरावली हाउस ने विजय प्राप्त की।फाइनल मैच में सतपुरा हाउस विजयी रहा। हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र वर्मा, राजेन्द्र मौर्या, अमन सिंह, नदीम ताहिर, नीलम पन्त, सर्जीत कौर, राजसी ठाकुर, आरोही रस्तोगी, इरशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

## पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ गायत्री महायज्ञ



**बरखेड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गांव नवादा महेश में चल रहे पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। अंतिम दिन गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें काफी संख्या में ग्राम वासियों ने भाग लिया। गांव नवादा महेश में 12 मई को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। जिसमें प्रतिदिन सुबह आठ से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं देव शक्तियों का पूजन का कार्यक्रम हुआ। शाम को सात बजे से रात 10 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा हुई। गुरुवार को अंतिम दिन गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें लोगों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि विधान से आहुतियां दी। इसके बाद कन्या भोज कराया गया। शाम को सात बजे से रात के दस बजे तक भव्य दीप महायज्ञ हुआ। उसके बाद टोली की विदाई की गई। विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।






# आने वाला है मानसून, इस बार फिर जलभराव से जूझने को रहें तैयार

## नगर पालिका के जिम्मेदारों को टेंडर निकालने की अब आई याद, 21 दिन में कैसे होगी 38 नालों की सफाई, इसका नहीं किसी के पास जवाब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** घबराइए नहीं...इस बार भी मानसून में शहरवासियों की परेशानी बढ़नी तय है। क्योंकि नगर पालिका में अभी तक नालों की सफाई के लिए टेंडर नहीं हो सके हैं। अधिकारियों का तर्क है कि चुनाव आचार संहिता की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। अब चुनाव आयोग से अनुमति मिलने पर शहर 38 नालों का टेंडर निकाला जा रहा है। मगर सवाल यह है कि इतने कम समय में 38 नालों की सफाई कैसे संभव हो पाएगी।

शहर में बरसात के दिनों में जलभराव की भयंकर समस्या हो जाती है। हल्की सी बरसात में ही नाले चौक हो जाते हैं। शहर के प्रमुख इलाकों में रहने वाली बड़ी आबादी बाढ़ जैसा संकट झेलती है।नगरपालिका कार्यालय भी जलभराव से अछूता नहीं रहता। सड़क पर जलभराव होते ही नाले का गंदा पानी दुकानों में घुस जाता है। इसकी वजह से व्यापारियों को भारी नुकसान होता है। इधर, मानसून से पहले नगरपालिका की ओर से बातों और वादों का मौसम आ जाता है। शहर में छोटे बड़े कुल 38 नाले निकलते हैं। इनमें छह नालों में तीन नालों का पानी देवहा नदी में गिरने वाले नाले में जाता है। जिसकी सफाई का जिम्मा नगर पालिका पर है। हर बार की तरह से इस बार भी मानसून आने से पहले पालिका ने दावा किया था कि स्वयं के संसाधनों से नाला सफाई कराएंगे। लेकिन इक्का दुक्का नालों की सफाई कराकर खानापूरी कर दी गई। इधर, पालिका प्रशासन ने लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने का बहाना बनाकर नालों की सफाई नहीं कराई। मई के 16 दिन बीत चुके हैं। 15 जून से मानसून की दस्तक होती है, सिर्फ 30 दिन बचे होने पर पालिका से अब अपने ही दावे से पीछे हटते हुए नाला सफाई का टेंडर निकालने की प्रक्रिया को अपनाया है। दावा है कि शहर के सभी 38 नालों की सफाई के लिए पोर्टल पर निविदा अपलोड कर दी गई है। जिसके खुलने की नियत तिथि 24 मई तय की गई है। यानी की 25 मई को टेंडर की पूरी प्रक्रिया फाइनल होगी। फिर टेंडर लेने वाली फर्म नालों की सफाई शुरु करेगी। उसे मात्र 21 दिन ही मिलेंगे। जिसमें 38 नालों की तली झाड़ सफाई करना संभव नहीं होगा। अभी हाल में ही शनिवार को 50 मिनट की बारिश में शहर की सड़कें जलमग्न हो गई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मानसून सीजन में क्या होगा?


शहर के दूधिया मंदिर मार्ग पर मुख्य नाले में लगा गंदगी का ढेर। ● अमृत विचार

- लापरवाही के चलते अभी तक नए नालों का निर्माण भी नहीं हो सका पूरा, सफाई व्यवस्था भी सुस्त
- आचार संहिता के बीच शुरू कराई टेंडर प्रक्रिया, 15 जून से मानसून की दस्तक का डर सता रहा

### सफाई में रोड़ा बनेगें निर्माणधीन नाले

नाला सफाई का लेटलतीफ टेंडर होने के अलावा कार्यदायी संस्था को शहर में हो रहे नाला निर्माण भी सफाई में रोड़ा बनेगा। क्योंकि जगह-जगह रेता बजरी और मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। जो नाला सफाई में बाधा बनेगें। इधर, मानसून से पहले 9 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे 22 नालों का निर्माण भी 40 फीसदी पूरा नहीं हो सका है। इधर शहर का स्ट्रक्चर ऊंचा नीचा होने के कारण पानी भरने की समस्या अधिक रहती है। जो मानसून में मुसीबत बनेगा।

### निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद निकला टेंडर

नाला सफाई कराने के लिए पूरे प्रदेश में नगरपालिका और नगर निगम की ओर से नाला सफाई कराने का टेंडर कराने के लिए अनुमति मांगी जा रही थी। जिसके बाद निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमति दी है। जिसके बाद संयुक्त सचिव कल्याण बनर्जी की ओर से नगरपालिका में पत्र भेजा गया था। जिसमें शासन द्वारा मांगी गई अनुमति शर्तो के साथ प्रदान की गई है। मानसून को देखते हुए नाला सफाई जनहित से जुड़ा कार्य होने के कारण टेंडर निकालने की अनुमति दी है। साथ ही यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अनुमति को किसी राजनीतिक दल या किसी तरह के राजनीतिक लाभ नहीं लिया जाएगा। जिसके बाद टेंडर अपलोड किया गया है। जिसमें संस्था नामित कराई जाएगी।

### इन नालों का होगा टेंडर

वैसे तो शहर में कुल 38 नाले है। जिनकी सफाई करना मानसून में अनिवार्य होता है। जिसमें देवहा नदी से काला मंदिर होते हुए विशाल टॉकीज, पीडब्ल्यूडी से होते हुए गंदा नाला, लोटन महाराज चौराहा, रमा गार्डन वाला नाला, नकटादाना चौराहा से गीता कॉलोनी वाला नाला, ऑफिसर कॉलोनी से होते हुए देवहा नदी को जाने वाले नौ नाले समेत 38 नाले शामिल हैं।

### ईओ को पता ही नहीं कितने नालों का टेंडर

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को तो कितने नालों का टेंडर कराया जा रहा है। इसकी जानकारी ही नहीं है। जबकि ईओ के हस्ताक्षर से ही टेंडर की निविदा जारी की गई है। ईओ लालचंद भारती ने बताया कि नाला सफाई में कितने नालों का टेंडर हो रहा है। इसकी मुझे जानकारी नहीं है। आफिस में नहीं है, इसलिए जानकारी करने के बाद बता पाएंगे।

निर्वाचन आयोग से नाला सफाई का टेंडर कराने के लिए अनुमति मिली है। इसके बाद टेंडर कराया जा रहा है। फर्म को टारगेट दिया जाएगा कि मानसून से नालों की सफाई पूरी कर ली जाए। पहले कुछ नालों की सफाई नगरपालिका करा चुकी है। मानसून से निपटने के लिए पालिका पूरी तैयारी कर चुकी है। **- डॉ. आस्था अग्रवाल,** चेयरमैन नगर पालिका पीलीभीत

# प्लाट में लगाए गंदगी के ढेर नगर पालिका ने थमाया नोटिस

**पीलीभीत, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बीच शहर की एक कॉलोनी में खाली पड़े प्लाट में गंदगी के ढेर लगे मिलने पर नगरपालिका की ओर से प्लाट स्वामी को नोटिस जारी किया गया है कि वह इसको साफ करने के साथ ही बाउंड्री करा लें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

शहर के गौहनिया तालाब के समीप पर स्थित एक कॉलोनी में गंदगी को लेकर बीते कई दिनों से शिकायत मिल रही थी। इस पर नगरपालिका के इंस्पेक्टर आबिद अली ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो कुछ स्थानों पर गंदगी मिलने के अलावा एक खाली प्लाट में कूड़ा का ढेर लगा मिला। जिससे कॉलोनी में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। नगरपालिका की ओर से प्लाट स्वामी हेमराज गंगवार को नोटिस जारी करते हुए उसे साफ कराकर बाउंड्री कराने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा उनके खिलाफ जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर आबिद अली ने बताया कि प्लाट में बाउंड्री वाल न होने की वजह से वहां पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिस वजह से प्लाट स्वामी को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कॉलोनी में सफाई कराने के साथ ही फॉगिंग आदि भी कराई गई है।

# छप्पर में लगाई आग पड़ोसी के घर तक पहुंची

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** पड़ोसी ने अपने छप्पर को पारिवारिक कलह के बाद आग के हवाले कर दिया। मगर ये आग दूसरे के घर तक पहुंच गई और सामान जल गया। पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गोपालपुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले गुड्डू का अपने घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर उसने अपने छप्परपोश घर में आग लगा दी। उसके छप्पर की आग पीड़ित के घर तक पहुंचु गई। जिसमें चारपाई समेत अन्य घेरलू सामान जल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हेराफेरी: मौत के बाद भी उठती रही राशन सामग्री

संवाददाता, बिठौराकलां

- मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के एक कोटेदार पर मृत व्यक्ति का राशन अपने रिश्तेदार को देने का आरोप
- मुख्यमंत्री से की गई शिकायत से खलबली, घटतौली का भी लगाया आरोप

**अमृत विचारः** डेढ़ साल पहले मर चुके कार्ड धारक की जगह अपनी महिला रिश्तेदार का नाम शामिल कराने के बाद उसे मुफ्त राशन से लाभान्वित कराने का आरोप कोटेदार पर लगा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत किए जाने के बाद खलबली मची है।

मरौरी ब्लॉक के ग्राम पुरवा खाग के रतनलाल ने बताया उनकी ग्राम पंचायत में करीब 452 कार्डधारक हैं। जिसमें अंत्योदय कार्ड धारक भी हैं। आरोप है निर्धारित खाद्यान्न से एक किलो कम कार्डधारकों को दिया जा हा है। विरोध करने पर कोटेदार और उसका पुत्र अभद्रता करता है। नई मशीन आने के बाद भी कोटेदार की हरकतें सुधर नहीं रही है। निर्धारित तौल के बाद कार्डधारकों के कट्टे से एक किलो राशन कम कर लिया जाता है। इसके अलावा ग्राम नवदिया घीसी के अंत्योदय कार्ड धारक जानकी प्रसाद थे। उनकी डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी है। बावजूद कोटेदार की ओर से राशन कार्ड निरस्त नहीं कराया। उसकी जगह आरोप है कि गुर्ज गौटिया की रहने वाली अपनी एक रिश्तेदार का नाम अंकित करवा दिया गया है। अवैध तरीके से महिला को राशन का लाभ दिया जा रहा है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई।

# खनन के खेल में ऑडियो वायरल होने पर सिपाही निलंबित

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** अवैध खनन के खेल में एक सिपाही पर गाज गिर गई। चौकी पुलिस से खनन करने वालों की सांठगांठ कराने से जुड़ा उसका एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वायरल हुई ऑडियो में सिपाही और खनन करने वाले व्यक्ति के बीच बातचीत होना बताया गया था। जिसमें प्रति ट्रॉली 500 से लेकर एक हजार रुपये तक के लेनदेन को लेकर वार्ता हो रही थी। मामला खासा चर्चा का विषय बना रहा। अधिकारियों तक पहुंचने के बाद मामले से संबंधित रिपोर्ट बरखेड़ा इंस्पेक्टर से तलब की गई। जिसके बाद सिपाही पर गाज गिर गई है। इंस्पेक्टर बरखेड़ा अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि सिपाही रुपचंद को निलंबित कर दिया गया है।

# पति और बच्चों को नशा देकर विवहिता प्रेमी के साथ फरार

संवाददाता, पूरनपुर

- पति ने जान माल को खतरा बताते हुए पुलिस से की शिकायत

**अमृत विचारः** पति और बच्चों को खाने में नशा देकर एक विवाहिता प्रेमी से मिलती जुलती थी। रात में उठे पति ने दोनों को पकड़ लिया। इस पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की पिटाई लगाई और फरार हो गई। पति ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव की ही युवती से वर्ष 2014 में प्रेम विवाह किया था। दोनों की गृहस्थी हंसी खुशी चल रही थी। उनके दो बच्चे हैं। आरोप है कि विवाहिता के गांव के ही रहने वाले दूसरे युवक से संबंध हो गए। पत्नी रोजाना शाम को खाने में नशीला पदार्थ मिला देती थी जिससे वह गहरी नींद में सो जाते थे। इसके बाद पत्नी का प्रेमी उससे मिलने के लिए घर आ जाता था। बुधवार रात युवक अचानक रात में उठा तो उसने पत्नी को उसके प्रेमी के साथ देख लिया। पकड़े जाने पर पत्नी और उसके प्रेमी ने गाली गलौज करते हुए युवक की पिटाई लगाई और जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। मारपीट के दौरान दोनों ने युवक का सिर दीवार में मार दिया जिससे वह घायल हो गया। पति से मारपीट करने के बाद विवाहित प्रेमी के साथ चली गई। पति ने दोनों से जान माल का खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत की है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# तीन बच्चों का पिता दूसरी शादी का पंजीकरण कराने पहुंचा तो पहली पत्नी ने पकड़ा, हंगामा

संवाददाता, पूरनपुर

- रजिस्ट्री कार्यालय में पहुंची पत्नी की मारपीट, मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को ले गई साथ

**अमृत विचारः** तीन बच्चों का पिता एक विवाहिता को बहला फुसलाकर ले गया। रजिस्ट्री कार्यालय में विवाह पंजीकरण कराते समय दोनों को पहली पत्नी ने पकड़ लिया। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। पहली पत्नी ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव आलमपुर पिपरिया के रहने वाले एक युवक की शादी 15 वर्ष पहले हो चुकी है।उसके दो पुत्र और एक पुत्री है। बीते 27 मार्च को वह पत्नी और बच्चों को छोड़कर पड़ोस के गांव में रहने वाली विवाहित युवती को लेकर चला गया था। नाते रिश्तेदारों के दबाव में युवती को वापस उसके घर भेज दिया। युवती की शादी भी हो चुकी है लेकिन वह अपनी ससुराल न जाकर मायके में ही रह रही थी। 10 मई को युवक फिर विवाहित युवती को लेकर चला गया। परिजन दोनों की खोजबीन कर रहे थे। गुरुवार को युवक युवती के साथ दूसरी शादी करने के लिए पूरनपुर के रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा। उसके विवाह पंजीकरण की जानकारी लगने पर पहली पत्नी तीनों बच्चों को लेकर पहुंच गई और उसने रजिस्ट्री कार्यालय में ही दोनों को पकड़ लिया। इस पर हंगामा होने लगा। हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। वह युवक और विवाहित युवती को लेकर कोतवाली आ गई। युवक की पत्नी ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी जिसमें उसने बिना संबंध विच्छेद किए दूसरी शादी करने वाले का आरोप पति पर लगाया। हालांकि विवाहित युवती युवक के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। इस त्रिकोणीय प्रेम कहानी की दिन भर चर्चा होती रही।

एक युवक की शादी हो चुकी है और उसके तीन बच्चे हैं। पहली पत्नी को बिना बताए वह दूसरी शादी कर रहा था ।शिकायत पर उसे हिरासत में ले लिया गया है। मामला थाना बंडा का है। दोनो को बंडा थाना पुलिस के सुपुर्द किया जाएगा। **- संजीव कुमार शुक्ला,** कोतवाल पूरनपुर

# 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को 14 साल की कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश गीता सिंह ने बतौर जुर्माना एक लाख रुपये देने का आदेश भी किया

**अमृत विचारः** किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश गीता सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अभियुक्त थाना बिलसंडा के गांव तिल्छी के रामलखन पुत्र रामसनेही को दोषी करार दिया। उसे 14 साल कैद व एक लाख रुपये से दंडित किया है।



अभियोजन कथानक के अनुसार बिलसंडा थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाना बिलसंडा में दो फरवरी 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह बिलसंडा क्षेत्र के एक गांव की निवासी है। उसकी 16 वर्षीय बेटी दो फरवरी को शौच करने खेत पर गई थी। आरोपी रामलखन ने वादिनी की लड़की को अकेला पाकर पकड़ लिया। बेटी के चिल्लाने पर आस-पड़ोस के लोग आ गये, जिन्होंने बेटी को बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश दुष्कर्म एवं पॉक्सो अधिनियम गीता सिंह की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी राम लखन को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। न्यायालय ने यह भी आदेश किया है कि जुर्माने की पूरी धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़िता को अदा की जायेगी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार शर्मा ने की।

# पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर, अमृत विचारः** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव बहादुरपुर के महेंद्र सिंह ने बताया उनकी बेटी काजल की शादी तीन साल पहले महादेव माती गांव के अमित से हुई थी। बुधवार सुबह काजल का शव उसकी ससुराल में कमरे में पड़ा मिला था। दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले में पति समेत सात के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ प्रकाश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम में विवाहिता की मौत फंदे से लटकने से होने की पुष्टि हुई है। पति अमित सिंह, नन्हे सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# दम है तो पकड़ो, हम तो चोरी की वारदातों को अंजाम देंगे

संवाददाता, घुंघचिहाई

- किसी पीड़ित को जांच के नाम पर टाला तो कई मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ठंडे बस्ते में

**अमृत विचारः** क्षेत्र में इन दिनों पुलिस चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। सिलसिलेवार तरीके से पंपिट सेट की चोरी हो रही है और सूचना मिलने पर भी पुलिस जांच के नाम पर टालमटोल कर रही है। चोरों ने कई घरों को भी निशाना बनाया और सामान समेट ले गए।

अभी दस मई को ही क्षेत्र के गांव लोहन्ना सोहन्ना निवासी दर्शन सिंह के खेत में लगा पंपिंग सेट चोर समेट ले गए। वह सिंचाई करने के बाद पंपिंग सेट खेत पर ही छोड़ गए थे। इस मामले में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की गई है। दो मई को ग्राम दिलावरपुर निवासी रवि शुक्ला के खेत से भी पंपिंग सेट चोरी हुआ था। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन खुलासा नहीं हो सका। इससे पूर्व 29 अप्रैल को ग्राम लुकटिहाई निवासी अमरीश वर्मा के यहां चोरी हुई थी। वह खाना खाकर परिवार समेत सो गए।

देर रात चोर सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। इस मामले में भी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। जबकि 25 मई को कस्बा घुंघचिहाई निवासी राम बहादुर त्रिवेदी का पंपिंग सेट थाने से एक किमी दूर से चोरी हो गया था। इसकी भी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई , लेकिन खुलासा नहीं हो सका। उधर, एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी की घटनाओं के खुलासे पर वर्क टीम कर रही है। देर रात घूमने वाले संदिग्धों पर भी सख्ती की गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

### फजीहत के बाद पुलिस ने दर्ज की हमला करने की रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार :** पावर कॉरपोरेशन के सब स्टेशन में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में फजीहत के बाद सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने कार्रवाई की। डीएम से शिकायत के बाद पावर कॉरपोरेशन कर्मियों पर हमला करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बता दें कि थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव कुर्रेया कला में 33 केवीए बिजली घर में नौ मई की रात आपूर्ति न मिलने पर नीरज सिंह और जितेंद्र सिंह ने कई लोगों के साथ मिलकर तोड़फोड़ की थी। लाइनमैन गौतम और सब स्टेशन ऑपरेटर अनुज कुमार के साथ मारपीट की गई थी। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस इस मामले को हल्के में लेती रही। पुलिस ने मारपीट की घटना झुठलाते हुए रविवार को नीरज और जितेंद्र पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली थी। पुलिस ने मारपीट की घटना को झूठा बताया था। जिसके बाद नाखुश बिजली कर्मचारियों ने डीएम से मिलकर दुखड़ा सुनाया। मामला अधिकारियों तक पहुंचने के बाद सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा। पुलिस ने आरोपी नीरज सिंह, जितेंद्र सिंह के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और दलित उत्पीड़न की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ प्रकाश सिंह ने बताया कि एसएसओ अनुज कुमार की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ओवरलोड से ट्रांसफार्मर फुंका, घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता, बिलसंडा

- लो वोल्टेज की समस्या भी बनी मुनीसब, भीषण गर्मी में परेशान रहे उपभोक्ता
- एक पखवाड़े से नगर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आपूर्ति लड़खड़ाने से बढ़ी दिक्कत

**अमृत विचारः** भले ही लोगों को बिजली के बड़े -बड़े बिल जमा करने पड़ रहे हो, या फिर बकाएदारी पर कनेक्शन काटे जा रहे हो, लेकिन पावर कॉरपोरेशन अघोषित कटौती का समाधान करने में नाकाम है। जर्जर संसाधनों में खराबी आने के बाद बिजली घंटों गुल रहती है। गुरुवार को कमल पार्क तिराहे पर रखा ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिसके बाद आधे कस्बे की बिजली गुल हो गई।

नगर में बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज की दिक्कत वैसे तो काफी से चल रही है। लेकिन, अब पिछले कुछ दिनों से समस्या ज्यादा बढ़ गई है। रात में कई-कई घंटे अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। जिसके चलते लोगों में आक्रोश दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इधर, नगर में रखे कई ट्रांसफार्मरों की हालत बद से बदतर है। लोड बढ़ते ही फुंक जाते हैं। इसी बड़ी समस्या यह है कि जानकारी देने पर विद्युतकर्मी जवाब देने तक मुनासिब नहीं समझते। एक पखवाड़े से नगर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई हुई है। ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज ने मुसीबत बढ़ा रखी है। लो वोल्टेज के कारण घरों में लगे एसी कूलर,शोपीस बनकर रह गए हैं। बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है,तो लोगों की दिक्कतें और बढ़ गईं। अब कमल पार्क तिराहे पर रखा ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली संकट गहरा गया। एसडीओ अग्रसेन का कहना है कि ट्रांसफार्मर ओवर लोड की वजह से फुंक गया। जिसे बदलवाया जा रहा है। फिलहाल भीषण गर्मी में लोगों को बिजली कटौती ने बेहाल कर दिया है। अधिकांश घरों में विद्युत संचालित मोटर पर पानी की आपूर्ति निर्भर रहती है। ऐसे में पानी की समस्या भी बनी रही।


कमल पार्क तिराहे पर रखा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

एक तरफ बिजली गुल रहती है ।इसके बाद जानकारी करने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों परेशान होना पड़ता है, जो कि निंदनीय है ।बिजली की बढ़ती किल्लत का यदि सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही व्यापारी सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे। **- अवनीश जायसवाल,** अध्यक्ष व्यापार मंडल बिलसंडा

# श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर निकाली कलशयात्रा

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** बसई पुरैना भीटा बाबा देवस्थान पर 17 मई से 20 मई तक आयोजित होने वाले श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर गुरुवार को कलशयात्रा निकाली गई। महिलाओं ने माला नदी पर जाकर यज्ञाचार्य पंडित हरिकृष्ण शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से कलश पूजन कर पवित्र जल भरा गया। बापस प्रस्थान कर यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान बाबा चैतन्य दास महाराज, बाबा रामदास महाराज, धर्मवीर दीक्षित, चंद्रपाल प्रधान, श्याम बिहारी लाल, सुशील कुमार, फूलचंद, छविनाथ, छत्रपाल,उदयपाल, लालाराम प्रधान, मुन्ना सिंह, मुन्नालाल, डॉ नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# 56 टेबल पर एक साथ होगी मतगणना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- प्रत्येक विधानसभा की 14-14 टेबिलों पर होगी वोटों की गिनती
- निर्वाचन आयोग ने वीडियो कांफ्रेसिंग में दिए निर्देश

**अमृत विचारः** पीलीभीत लोकसभा सभा सीट की चार जून को होने वाली मतगणना 56 टेबिलों पर होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती 14-14 टेबिलों पर होगी। प्रत्येक विधानसभा के लिए एक सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की तैनाती की जाएगी। सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। माना जा रहा है कि दस बजे से रुझान आने लगेंगे।

जिले में प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ था। मतदान के बाद सभी ईवीएम को मंडी समिति परिसर स्थित स्ट्रांग रूमों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। अब चार जून को मंडी समिति परिसर में में ही मतगणना कराई जाएगी। इसको लेकर जिला प्रशासन तेजी से तैयारियों में जुट गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में तैयारियों का खाका तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जा रही है। इधर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक चार जून को होने वाली मतगणना 56 टेबिलों पर कराई जाएगी। विधानसभा वार वोटों की गिनती जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबिल लगाई जाएगी। इसके साथ ही एक विधानसभा के लिए एक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की भी तैनाती की जाएगी। इधर बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग ने वीडियोकांफ्रेसिंग कर मतगणना संबंधी दिशा निर्देश दिए हैं।

निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पारदर्शिता पूर्ण मतगणना संबंधी तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में खाका तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। **- ऋतु पूनिया,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### मंडी में होगी बहेडी के पोस्टल बैलेट की गिनती

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक बहेड़ी विधानसभा की मतगणना बरेली में होगी। जबकि बहेड़ी विधानसभा के पोस्टल बैलेट की गिनती मंडी परिसर में ही की जाएगी। पोस्टल बैलेट की गिनती का कार्य चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू कर दिया जाएगा।

**कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल**

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन

9837892555
9412192305

## लापता शिक्षिका खुद पहुंची गजरौला थाने

पूरनपुर, अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती कस्बे के ही निजी स्कूल में पढ़ाती थी। बुधवार को वह स्कूल जाने की बात कह घर से निकली और फिर वापस नहीं लौटी। युवती के पिता ने मोहल्ले में ही क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप सरताज पर बेटी को बहला फुसलाकर कर ले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। पुलिस ने इस मामले में सरताज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी थी। दूसरे दिन गुरुवार को युवती अचानक थाना गजरौला पहुंच गई और पुलिस को मामले से अवगत कराया। गजरौला पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला को सूचना दी। इस पर पुलिस युवती को पूरनपुर कोतवाली लाई और पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि युवती बरामद हो गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। कोर्ट में बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# डकैत की जमानत, दो पहले से फरार व्यापारी को परिवार की चिंता...मांगी सुरक्षा

## रमपुरा तालुके महाराजपुर के बहुचर्चित किराना व्यापारी के घर 40 लाख की डकैती का मामला

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः बहुचर्चित चालीस लाख की डकैती का मुख्य आरोपी जमानत पर जेल से छूट गया। दो डकैत पहले से फरार हैं, जिन्हें पुलिस अभी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसके बाद पीड़ित व्यापारी को अपनी और परिवार के अन्य सदस्यों की चिंता सताने लगी है। पूरा परिवार दहशत में आ गया है। इसकी जानकारी मिलने पर व्यापारी नेताओं ने भी पीड़ित से मुलाकात की। वहीं, पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

कोतवाली क्षेत्र के बंडा रोड पर स्थित गांव रमपुरा तालुके महाराजपुर के किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर में 30 जनवरी की रात कार सवार पांच बदमाश घुस गए थे। असलहों के बल पर व्यापारी के परिवार को बंधक बनाया और नकदी जेवरात समेत 40 लाख की डकैती की थी। व्यापारी और उसके परिवार को गन प्वाइंट पर लेकर घटना को न सिर्फ अंजाम दिया बल्कि शिकायत करने पर ये धमकी दे गए थे कि जब इतनी आसानी से घर में घुसकर वारदात कर रहे हैं तो परिवार की जान भी ले सकते हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की।

तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें दो बदमाश अभी भी फरार हैं। बताते हैं कि तीन दिन पहले डकैती की घटना के मुख्य आरोपी रिजवान कुरैशी को न्यायालय से जमानत मिल गई। उसके जेल से बाहर आने की जानकारी लगते ही व्यापारी सुनील गुप्ता का परिवार दहशत में है। पहले से दो बदमाशों के फरार होने और तीसरे के जेल से बाहर आने पर घबराए व्यापारी ने पलायान का मन बना लिया है। जानकारी लगने पर गुरुवार को व्यापारी नेता हंस राज गुलाटी कई व्यापारियों के साथ सुनील गुप्ता के घर पहुंचे। उन्होंने व्यापारी और उनके परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। हंसराज गुलाटी ने कहा कि दो बदमाश अभी पुलिस पकड़ से दूर है और तीसरा जमानत लेकर जेल से बाहर आ गया। बदमाशों ने घटना के समय व्यापारी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। तीन बदमाशों के जेल से बाहर होने पर व्यापारी उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन व्यापारी के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराए। सीओ अलोक सिंह से भी सुरक्षा की मांग की गई।


पीड़ित व्यापारी से मुलाकात करने पहुंचे व्यापार मंडल पदाधिकारी। • अमृत विचार

• 30 जनवरी को हुई थी वारदात, पुलिस ने मुठभेड़ में धरे थे शातिर डकैत

"व्यापारी नेताओं ने मुलाकात की थी। जिसमें सुरक्षा की मांग की गई है। नियमानुसार पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। मामले में पुलिस के स्तर से किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।
– आलोक सिंह, सीओ पूरनपु

### तत्कालीन कोतवाल पर गिरी थी गाज

बता दें कि डकैती की ये वारदात पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी। तत्कालीन कोतवाल पर भी गाज गिरी थी। उस वक्त भी पीड़ित व्यापारी ने अपने परिवार की चिंता जाहिर करते हुए पलायन की चेतावनी दी थी। अब एक बार फिर व्यापारी की ओर से पलायन करने की बात सोंची जा रही है। हालांकि व्यापारी नेताओं ने इसे लेकर आश्वस्त किया है। व्यापारी को सुरक्षा देने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग के लिए व्यापारी नेता डीएम और एसपी से मुलाकात करेंगे।

## ट्रक से कुचलकर बाइक सवार पिता की मौत, बेटा गंभीर

गजरौला, अमृत विचारः बाइक पर सवार पिता-पुत्र को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अहमदनगर गांव निवासी जलालुद्दीन (60) पुत्र हुस्नैनी मजदूरी करते थे। बुधवार शाम को वह बाइक पर सवार होकर अपने बेटे अलाउद्दीन के साथ मजदूरी करने बरेली जनपद के बहेड़ी इलाके में भट्ठे पर जा रहे थे। असम हाईवे पर गजरौला थाना क्षेत्र में गढ़ा माला जंगल में बिजली घर मोड़ के पास पहुंचते ही बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठे बुजुर्ग टक्कर लगने के बाद गिरकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गए और कुचल गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रक लेकर भाग गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने अन्य थाना चौकी पुलिस को अलर्ट कर दिया। कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भिजवाया। बाद में पिपरिया कॉलोनी मोड़ पर ट्रक को पकड़ लिया जबकि उसका चालक हत्थे नहीं चढ़ सका। एसओ रूपा बिष्ट ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस गई थी। ट्रक कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिवार से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जालसाजी कर दो लोगों से ठगे 1.34 लाख रुपये

संवाददाता, बीसलपुर

• क्रेडिट कार्ड के नाम पर तो दूसरे से बेटे पर कार्रवाई का डर दिखाकर ठगे रुपये

अमृत विचारः क्रेडिट कार्ड बनवाने के लालच में एक युवक से 64 हजार रुपये ठगी लिए। वहीं, दूसरे स्थान पर विदेश में पढ़ रहे बेटे पर कार्रवाई का डर दिखाकर 70 हजार रुपये की ठगी कर ली। दोनों मामलों में पुलिस रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मोहल्ला ग्यासपुर के तस्लीम खान ने बताया नौ अप्रैल की शाम उसके नंबर पर एक नये नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताया। कहा कि पीड़ित को एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड एसबीआई कार्ड के आधार पर बनवा देगा। फिर उसने केवाईसी के लिए भी कहा। आरोप है कि पीड़ित का फोन कॉल करने वाले ने हैक कर लिया और उसने उसके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से दो बार पैसे निकाल कर 64,615 रुपये का चूना लगा दिया। तस्लीम ने अपने साथ हुए फ्रॉड की प्राथमिकी कोतवाली में दर्ज करा दी है। पुलिस ने कार्यवाही पूर्ण करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

उधर, दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाहदिया निवासी अनिल कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा सचिन कुमार रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। उनके पास 16 मई को फोन पर कॉल आई कि आपके लड़के का वीजा समाप्त हो गया है। इस कारण उसे पुलिस ने पकड़ लिया है। लड़के को छुड़ाने के लिए 70 हजार रुपए आपको भेजने पड़ेंगे। उक्त व्यक्ति ने उन्हें एक्सिस बैंक के अकाउंट नंबर भेज कर रुपए भेजने को कहा।इस पर तीन बार में 70 हजार रुपए ट्रांसफर करा दिए। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि उनके साथ किसी व्यक्ति ने छल करके रुपए ले लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज की है।

## व्यापारियों की मांग, दिल्ली व लखनऊ के लिए प्रतिदिन चलाई जाए ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः रेलवे से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी के निर्देश पर नगर इकाई ने मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। जिसमें दिल्ली, लखनऊ के लिए प्रतिदिन रेल संचालन समेत कई मांगें रखी गई।

रेलवे से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराने की मांग लेकर व्यापारी नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक की अगुवाई में रेलवे स्टेशन पहुंचे और स्टेशन अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि टनकपुर से नई दिल्ली और लखनऊ के लिए प्रतिदिन ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। जिससे व्यापारी वर्ग एवं आम जनमानस को लाभ मिल सके। नई दिल्ली के लिए संचालित ट्रेनों के समय में बदलाव किया जाए। कहा कि संचालित ट्रेनों का समय ऐसा नहीं है जिससे व्यापारी वर्ग या आम जनमानस को लाभ हो।ये भी कहा कि वर्तमान में देश में ट्रेनों का जाल फैला हुआ है। भारत सरकार आम जनमानस एवं व्यापारियों की सहूलियत के अनुसार ट्रेनों को बढ़ा रही है लेकिन रेलवे अधिकारियों की उदासीनता के चलते पीलीभीत के व्यापारी राजधानी लखनऊ एवं देश की राजधानी दिल्ली से कोसो दूर हैं। चेतावनी दी गई कि अगर शीघ्र दिल्ली और लखनऊ के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ तो उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल एक दिवसीय धरना देगा। ज्ञापन देने वालों में शलभ गंगवार, ऋषि कनौजिया, गौतम गुहा, मोहम्मद ममनून, आकाश सक्सेना, रशीद अंसारी, शिव महेश्वरी, शेर सिंह, सुधीर पाल सिंह, प्रवीन मोहन अग्रवाल, निखिल राजपूत, राजीव राय, आशीष लोधी, गौरव राणा, निखिल राजपूत, संतोष गुप्ता, पवित्र अग्रवाल, प्रमोद पंत, लीलाधर, पंकज सक्सेना, बबलू, शान आदि व्यापारी थे।


स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। • अमृत विचार

• समस्या का समाधान नहीं होने पर उद्योग व्यापार मंडल ने धरने की दी चेतावनी

## नगरपालिका की जमीन पर अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : नगरपालिका की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर एक युवक ने मामले की शिकायत प्रशासनिक अफसरों से की है। आरोप है कि कर्मचारियों से सांठगांठ करने के बाद एक युवक बिना जमीन आवंटन और नक्शा पास कराए जमीन पर अवैध निर्माण करा रहा है। इस मामले में जमीन की जांच शुरु कर दी गई है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव सैजनिया सैजना निवासी अमित कुमार शर्मा ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि नगरपालिका कार्यालय से 100 मीटर दूरी पर स्थित नगरपालिका की जगह पर संतोष मिष्ठान भंडार के स्वामी संतोष गुप्ता के द्वारा नगरपालिका की जमीन पर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नगरपालिका के कर्मचारियों से सांठगांठ करने के बाद वह बेखौफ वहां पर काम कर रहा है। इसकी शिकायत नगरपालिका में भी की गई। लेकिन सांठगांठ के चलते कोई सुनवाई नहीं हुई। मामले की जांच की जा रही है।


निर्माण को लेकर कराई गई तोड़फोड़। • अमृत विचार

• काम रूकवा कर दिए मामले की जांच करने के निर्देश

## युवती को प्रेमजाल में फंसाकर लूटी अस्मत, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचारः युवती को प्रेमजाल में फंसाकर एक युवक ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। उसके अश्लील फोटो खींच वायरल करने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी फुरकान का उनके घर आना-जाना था। आरोपी ने पीड़िता की पुत्री को मीठी बातें कर प्रेमजाल में फंसा लिया। परिवार वालों को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। कई बार आरोपी ने झांसा देकर पुत्री से शारीरिक संबंध बनाए। बेटी के अश्लील फोटो भी खींच लिए और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर वायरल करने लगा। अब धमकी देता है कि अगर शादी नहीं की तो संबंधित फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। युवती ने अपने परिजन को घटना से अवगत कराया। पूर्व में कोतवाली पुलिस शिकायत को जांच के नाम पर टाल गई। हताश परिजन युवती संग एसपी के समक्ष पेश हुए और पूरी घटना बताई। जिसके बाद अब कार्रवाई हो सकी है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले में दुष्कर्म और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मिली जिम्मेदारी — पूरनपुर में एक प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई व्यापार मंडल की बैठक

## राहुल बने नगराध्यक्ष, जगजीवन की पदोन्नति

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी के आग्रह पर युवा विंग के जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने गुरुवार को पूरनपुर पहुंचकर बंडा रोड पर स्थित एक इंडस्ट्री में बैठक की।

इस दौरान पूरनपुर के व्यवसायी राहुल जायसवाल को युवा विंग का नगराध्यक्ष मनोनीत किया। लंबे अरसे से व्यापार मंडल में युवा नगर अध्यक्ष के पद रहे जगजीवन बाजवा को पदोन्नति करते हुए युवा विंग का जिला महामंत्री बनाया गया।


जगजीवन बाजवा।


राहुल जायसवाल।


सचिन गुप्ता।

• पुरनपुर की युवा विंग की इकाई भी गठित की गई
• पदाधिकारियों को व्यापारी हित में कार्य करने की सीख दी गई

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पूरनपुर की युवा विंग की इकाई भी गठित की गई। जिसमें सचिन गुप्ता, बंटी गुप्ता, उत्कर्ष अग्रवाल, गौरव गुप्ता, शेखर सिंह, लक्ष्य गुप्ता, पीयूष भार्गव, निखिल खंडेलवाल, अनस अंसारी, सनी गुप्ता, सुमित वर्मा, गौरव वर्मा को नगर महामंत्री, मोना सिंह, रोहित अग्रवाल, गौरव खुराना, राजीव कुशवाहा, रामनरेश पासवान, सलमान खान, जितेश खंडेलवाल, अनुज सिंह, रामसेवक, अमन सिंगल, सचिन गुप्ता, अमन नागी, अंश गुप्ता को नगर सचिव बनाया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों को व्यापारी हित में कार्य करने की सीख दी गई।

जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, संरक्षक प्रकाश वीर सिंह ,महामंत्री पंकज अग्रवाल, प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल , प्रदेश संयुक्त महामंत्री विजय पाल विक्की , महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव आदि ने सभी को बधाई दी।

## बैठक में सौंपी जिम्मेदारी जल्द होगा शपथ ग्रहण

पीलीभीत, अमृत विचार : राष्ट्रीय ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की बैठक नेहरू पार्क के पास अनिल चौधरी के आवास पर हुई। जिसमे जिला, तहसील कार्यकारिणी के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया। बीसलपुर तहसील अध्यक्ष पर डॉक्टर तौसीफ खान, पूरनपुर तहसील अध्यक्ष शिवम यादव को बनाया गया। ठाकुर प्रसाद को जिले की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया। जिला अध्यक्ष पद के लिए विजय त्रिवेदी, शाहिद अली को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अभय सक्सेना को जिला कोषाध्यक्ष, ब्रह्मपाल सिंह यादव को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया। आकाश भारती को कलीनगर का प्रभाव दिया गया। तय किया गया कि अति शीघ्र संगठन को विस्तार दिया जायेगा। एक शपथ समारोह जनपद में होगा।

## बंडा में 62 लाख की कर चोरी पकड़ी, दस लाख कराए जमा

**बरेली, अमृत विचार :** वाणिज्य कर के ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह की टीम ने गुरुवार को बंडा में बिलसंडा रोड पर हरविंदर सिंह के ब्रह्म ट्रेडर्स का सर्वे किया। हरविंदर बिजली का सामान की सप्लाई करते हैं। वह सरकारी विभागों में भी सामान भेजते हैं। वाणिज्य कर की विशेष अनुसंधान शाखा बरेली रेंज के अफसरों ने डाटा विश्लेषण में पाया गया कि व्यापारी सरकारी भुगतान प्राप्त करने के लिए अपनी बिक्री फार्म आर-1 में दिखा रहा था लेकिन 3बी फार्म में वही बिक्री छिपाते हुए उसका भुगतान नहीं किया जा रहा था। साथ ही हरविंदर फर्जी फर्म बनाकर टैक्स चोरी भी कर रहे थे। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि व्यापारी के यहां टैक्स कई बिंदुओं पर टैक्स चोरी पकड़ी गई है। व्यापारिक स्थल पर जांच में भी वही चोरी सही पाई गई। जांच में कर चोरी के तथ्य सामने आए तो व्यापारी ने मौके पर अपनी भूल स्वीकार की है। व्यापारी पर 62 लाख रुपये की कर चोरी का मामला बना है।

# देश के संरक्षित वन क्षेत्रों में पीलीभीत के बाघ मित्र मॉडल की गूंज

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मिली सफलता के बाद बाघ मित्र प्रोजेक्ट अमानगढ़ टाइगर रिजर्व समेत पांच सेंचुरी में हो चुका है लागू

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉडल खासा मुफीद साबित होता नजर आ रहा है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ व पीटीआर के सहयोग से पीटीआर में बाघ मित्र मॉडल को मिली सफलता के बाद अब इसे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व समेत पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में लागू किया जा चुका है। इस मॉडल को काफी सराहना मिल रही है। अब जल्द ही पीटआर के बाघमित्र उत्तराखंड के नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में जाकर वहां के वालंटियर्स को ट्रेनिंग देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे।

जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला था। इसके बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए। इसी क्रम में पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने बाघ मित्र योजना बनाते हुए जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया। विशेषज्ञों द्वारा इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पदचिन्ह और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी भलीभांति संभाल ली और अपने-अपने क्षेत्रों में दिए गए दायित्वों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। बाघ मित्र प्रोजेक्ट को खासी सफलता मिली। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के मुताबिक शुरुआत में पीटीआर क्षेत्र में बाघ मित्रों की संख्या 60 रखी गई थी, जो अब बढ़कर 120 हो गई है। बाघ मित्रों की सक्रियता का ही परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय इन वन्य जीवों के व्यवहार को समझने लगे हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी देखी जा रही है।



ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न गतिविधियों से रूबरू होते पीटीआर के बाघ मित्र।

- अब उत्तराखंड के नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी ट्रेनिंग देने जाएंगे पीलीभीत के बाघ मित्र
- साल 2020 में पीटीआर क्षेत्र में बाघ मित्रों की संख्या थी 60, अब बढ़कर 120 हो गई

> विश्व प्रकृति निधि एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रयास से तैयार किया गया बाघ मित्र प्रोजेक्ट बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी में खासा मददगार साबित हो रहा है। बाघ मित्र प्रोजेक्ट के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसके अन्य संरक्षित वन क्षेत्रों में लागू किया गया है। प्रयास किया जा रहा है कि इसे और भी बेहतर बनाया जाए।
> – डॉ. मुदित गुप्ता, वरिष्ठ समन्वयक, तराई आर्कलैंड स्केप

#### अमानगढ़ समेत पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में हो चुका है लागू

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र प्रोजेक्ट ने सफलता की ऐसी कहानी गढ़ी कि इसकी गूंज देश के अन्य टाइगर रिजर्वों तक जा पहुंची। पीलीभीत के बाघ मित्र प्रोजेक्ट को इस कदर सराहना मिली कि बाघ-तेंदुओं की सुरक्षा एवं निगरानी के मायने से मुफीद पाते हुए इसे दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कर्तनिया घाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में अभी 30 बाघ मित्र तैयार किए गए हैं। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में भी इस मॉडल से प्रोत्साहित होकर जंगल वालंटियर्स रखे गए हैं। इन सभी को भी पीटीआर के बाघ मित्रों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। इसके बाद ही इन संरक्षित वन क्षेत्रों में बाघ मित्र प्रोजेक्ट लागू किया गया था। इसके अलावा राजस्थान के रणथंभौर से आई टीम भी पीटीआर के बाघ मित्रों से वन्यजीव मैनेजमेंट सीख चुकी है। अभी हाल में तंजानियां एवं केन्या से आए वन अफसर भी यहां आकर मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने में मददगार बन रहे बाघ मित्रों से संबधित प्रोजेक्ट का अध्ययन कर चुके हैं।

#### अब नंधौर वाइल्डलाइफ सेंचुरी के वालंटियर्स को भी पीलीभीत के बाघ मित्र सिखाएंगे गुर

बाघों की निगरानी एवं उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पीलीभीत के बाघ मित्र अब उत्तराखंड की नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के जंगल वालंटियर्स को भी अपने काम करने के तौर-तरीकों से रूबरू कराएंगें। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि अब पीलीभीत के बाघ मित्र जल्द ही नंधौर वाइल्ड लाइफ संेचुरी जाएंगें। इसको लेकर सेंचुरी के अधिकारियों से वार्ता हुई है। पीलीभीत के बाघ मित्र नंधौर सेंचुरी के विलेज वालंटियर प्रोटेक्शन फोर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के फंडे सिखाएंगे।

## ब्रह्मचारी घाट पर शुरु हुआ सीढ़ियों का निर्माण

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिका चेयरमैन की ओर से शासन को दिए गए प्रस्तावों में ब्रह्मचारी घाट के कार्य को हरी झंडी मिल चुकी है। जिस पर अब सीढ़ियों का कार्य शुरु हो गया है। इसके अलावा पार्क, आरती स्थल तैयार करने के लिए वहां पर मिट्टी आदि डालना भी शुरु कर दी है। इससे श्रद्धालुओं के नदी में स्नान करने के लिए आसानी होगी।

बता दें कि वंदन योजना के तहत ब्रह्मचारी घाट का सौंदर्यीकरण कराने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जिसका पर्यटन विभाग ने मुआयना करने के बाद कार्य को स्वीकृति दे दी थी। जिसके बाद भूमि पूजन कर काम शुरू कराया गया था। अब कार्यदायी संस्था की ओर से ब्रह्मचारी घाट पर सीढ़ियों का निर्माण शुरू किया गया है। साथ ही मैदान को समतल करने के लिए मिट्टी आदि डाली जा रही है। ताकि वहां पार्क और आरती स्थल का कार्य शुरु हो सके।

## बैठक कर तैयार की संकुल की कार्य योजना



बैठक में मौजूद विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक। • अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को संकुल की बैठक हुई। जिसमें नवीन नगरीय संकुल व्यवस्था के अनुसार संकुल पीलीभीत के भारतीय शिक्षा समिति, सीबीएसई, शिशु शिक्षा समिति के 12 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। सुबह दस से शाम साढ़े चार बजे तक बैठक चली। इसकी शुरुआत मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप स्तुति करके की गई। वर्षभर के विभिन्न कार्यक्रमों की संकुल की कार्य योजना तैयार की गई। प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल ने बैठक की समाप्ति पर आए हुए प्रधानाचार्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने सफलतम बैठक के लिए आभार जताया। इस मौके पर प्रचार प्रमुख अंकित कुमार सिंह, प्रीति मौर्य आदि मौजूद रहे।

## जंगल सफारी के दौरान डीएम को हुए बाघ के दीदार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डीएम ने गुरुवार को जंगल सफारी से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सैर की। इस दौरान उन्हें बाघ के भी दीदार हुए। इससे पूर्व वह माधोटांडा गोमती उद्गम स्थल पर पहुंचे।

डीएम संजय कुमार सिंह गुरुवार सुबह माधोटांडा स्थित गोमती उद्गम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर में घूमकर यहां कराए गए कार्यों का बारीकि से निरीक्षण से किया। उनके साथ वन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी यहां कुछ देर बाद ठहरने के बाद मुस्तफाबाद पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले जंगल सफारी से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के टूरिज्म प्वाइंटों को देखा। इस दौरान उन्हें पक्की पटरी पर बाघ के दीदार हुए। बाघ पटरी के किनारे टहलता दिखाई दिया। इस दौरान उन्होंने वन एवं वन्यजीवों के बारे में भी जानकारी ली।

# घटने लगी रफ्तार, अब तक मात्र 12.14 फीसदी हुई खरीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः गेहूं खरीद को लेकर चल रही तमाम सख्ती के बावजूद अब गेहूं खरीद की रफ्तार कम होती नजर आ रही है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक बुधवार शाम तक लक्ष्य के सापेक्ष 12.14 फीसदी खरीद की जा चुकी है। इधर गेहूं खरीद में सर्वाधिक क्रय केंद्र वाली क्रय एजेंसी पीसीयू सबसे फिसड्डी साबित हो रही है। फिलहाल गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों को अभी भी गेहूं खरीद बढ़ने की आस है।

जनपद में शासन के निर्देश पर पहली मार्च से 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद शुरू की गई थी, लेकिन फसल तैयार न होने के चलते खरीद तीन अप्रैल से शुरू की गई थी। शुरुआती दौर में सरकारी खरीद बेपटरी हो गई। वजह यह रही है कि खुले बाजार में गेहूं के दाम अधिक होने के कारण अधिकांश किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों से दूरी बनाते हुए अपना गेहूं व्यापारियों के हाथों बेच दिया। गेहूं खरीद को रफ्तार देने के लिए प्रशासन ने कमर कसी और जनपद के गेहूं को बाहर ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बावजूद जिले में गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ सकी। इस बीच शासन से आए प्रमुख सचिव एवं विशेष सचिव खाद्य ने जनपद दौरे के दौरान अधिकारियों से कम खरीद पर नाराजगी जताते हुए खरीद बढ़ाने और कम खरीद करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद प्रशासन गेहूं खरीद को लेकर एक्शन मोड में आ गया। कम गेहूं खरीद करने वालों में ताबड़तोड़ कार्रवाईयां की गई। जिसका नतीजा यह रहा कि जनपद में गेहूं खरीद की रफ्तार तो बढ़ी ही, साथ ही मंडल में जिला दैनिक खरीद में पहले स्थान पर आ गया।

करीब पखवाड़ा भर तक गेहूं की खरीद में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। इधर अब पिछले एक-दो दिन दिन से दैनिक खरीद घटती नजर आ रही है। किसानों की मानें तो जिले में सारा गेहूं बिक चुका है। इसके बावजूद अधिकारी गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए जोर आजमाइश करने में लगे हैं। बताते हैं कि गेहूं खरीद का सम्मानजनक लक्ष्य हासिल करने के लिए अब गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी व्यापारियों की टोह लेने में लगे हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि कुछ व्यापारियों ने गेहूं का अवैध स्टाक कर रखा है। ऐसे में जिम्मेदार अवैध स्टाक पर भी नजर गड़ाए हुए हैं।



मंडी परिसर में गेहूं तौल करते कर्मचारी। • अमृत विचार

- गेहूं के सर्वाधिक क्रय केंद्रों के बावजूद फिसड्डी साबित हो रहा पीसीयू
- अफसरों को अभी भी गेहूं खरीद बढ़ने की आस

#### सर्वाधिक 33 क्रय केंद्र, फिर भी खरीद हुई मात्र 6.04 फीसदी

इधर शासन द्वारा इस बार जिले को 3 .08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक जिले में लक्ष्य के सापेक्ष बुधवार शाम तक 12 .14 फीसदी गेहूं खरीद हो चुकी है। गेहूं खरीद में पीसीयू सबसे पीछे है। जबकि पीसीयू के जिले में सर्वाधिक 33 क्रय केंद्र हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक पीसीयू ने 33 क्रय केंद्रों के माध्यम से अब तक महज 6 .04 फीसदी ही गेहूं खरीद की है।

> गेहूं खरीद बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र प्रभारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। गेहूं खरीद की रोजाना समीक्षा की जा रही है। कम गेहूं खरीद करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। – विजय कुमार शुक्ला, डिप्टी आरएमओ

## बीईओ को निरीक्षण में गायब मिले कंपोजिट स्कूल के इंचार्ज

**पूरनपुर, अमृत विचारः** वासुकपुर कंपोजिट स्कूल के देर से खुलने का फोटो दो दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बीईओ ने मामले में संज्ञान लिया। गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बीआरसी क्षेत्र के गांव वासुकपुर कंपोजिट स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों की मनमानी सामने आई। इस दौरान इंचार्ज अध्यापक मोहम्मद फुरकान, सहायक शिक्षक फरहान अली व शिक्षामित्र शबाना बगैर सूचना के गायब मिलीं। बीईओ ने वेतन काटने की संस्तुति की है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया इसके अलावा अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया। उनमें शिक्षकों की उपस्थिति और छात्र संख्या सही पाई गई।

## आयकर विभाग की छापेमारी से गिर गए दुकानों के शटर

संवाददाता, पूरनपुर

- व्यापारी नेता ने अनाउंस कर बताया अफवाह, फिर मिली राहत

**अमृत विचारः** इनकम टैक्स टीम की छापेमारी की सूचना पर कई दुकानें बंद हो गईं। इसको लेकर खलबली मच गई। व्यापारी नेता ने सूचना को कोरी अफवाह बताते हुए व्यापारियों से दुकानें खोलने की अपील की। उन्होंने कहा व्यापार संगठन व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होने देगा। जिसके बाद व्यापारियों ने राहत महसूस की।

शुक्रवार दोपहर स्टेशन रोड पर अचानक मेडिकल स्टोर, स्पेयर पार्ट्स, किराना, पेंट स्टोर आदि की दुकानें बंद हो गई। व्यापारियों में चर्चा हो गई कि कस्बे में इनकम टैक्स की टीम छापेमारी चल रही है। घबराए व्यापारी दुकानें बंद कर घर चले गए। चर्चा पूरे कस्बा में फैलने से और भी कई दुकानें बंद हो गईं लेकिन छापेमारी की पुष्टि कोई नहीं कर सके। बाजार बंद होने की जानकारी लगने पर व्यापार संगठन ने जानकारी की तो छापेमारी की सूचना गलत निकली। इसके बावजूद व्यापारियों ने दुकान नहीं खोली। इस पर व्यापारी नेता विजयपाल सिंह विक्की ने गाड़ी में बैठकर व्यापारियों से दुकाने खोलने की अपील की। उन्होंने कहा कस्बे में कोई भी टीम छापेमारी नहीं कर रही है। सभी व्यापारी बिना किसी डर के अपनी दुकान खोलें। किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। व्यापारी नेता विजयपाल विकी की अपील के बाद व्यापारियों ने राहत के साथ ली और फिर दुकान खोल दी गई।

## विवाहिता ने पथरी के बहाने किडनी निकलवाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत ससुराल के छह लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- महिला ने तीन लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर बच्चा छीनने का भी लगाया आरोप

**अमृत विचार :** एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर पथरी के बहाने अस्पताल से साठगांठ कर किडनी निकलवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि दहेज में तीन लाख रुपये न देने पर बच्चा छीनकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पीलीभीत के जहानाबाद निवासी पूजा ने बताया कि उसकी शादी 19 जून 2017 को शीशगढ़ के गांव बल्ली निवासी हरीश के साथ हुई थी। शादी के बाद पति हरीश, ससुर नत्थूलाल, सास फूला देवी, जेठ प्रेमपाल, देवर अवधेश उर्फ अनिल कम दहेज लाने का ताने देकर मारपीट करने लगे। कुछ समय बाद उसे बेटी हुई लेकिन इसके बाद भी ससुराल वाले नहीं बदले। दहेज में तीन लाख रुपये मांगे। वर्ष 2018 में उसके पेट में दर्द हुआ। आरोप है कि पति हरीश ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और वहां गुर्दे में पथरी का ऑपरेशन कराया गया। आरोप है कि आपरेशन के आठ दिन बाद ड्रेसिंग कराने के बहाने उसे अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टर से साठगांठ करके उसकी किडनी निकलवा दी और उसे इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। बाद में उसे इसका पता चला। 27 जनवरी 2024 को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसकी शिकायत उसने शीशगढ़ पुलिस से की। पुलिस ने समझा-बुझाकर उसे ससुराल भेज दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने 16 अप्रैल को फिर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। 21 अप्रैल को हरीश ने अपनी बहन की शादी के बहाने से बुलाया और बच्ची को छीन लिया। एसएसपी के आदेश पर पति हरीश बाबू, ससुर नत्थूलाल, सास फूला देवी, देवर प्रेमपाल व अवधेश के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

## सिंचाई करने खेत पर गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, बिलसंडा

- 48 घंटे बाद भी न रिपोर्ट दर्ज की न ही कराया गया मेडिकल परीक्षण
- एसपी से पीड़ित परिवार ने शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचारः पौधों की सिंचाई करने गई किशोरी को गांव के तीन युवकों ने बुरी नियत से पकड़ लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गए। आरोप है कि सूचना देने के 48 घंटे बाद भी पुलिस ने न तो रिपोर्ट दर्ज की न ही मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित परिवार ने एसपी से शिकायत कर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री ने इसी साल हाई स्कूल की परीक्षा पास की है। मंगलवार को गांव के बाहर स्थित मकान में लगे पौधों की सिंचाई करने पुत्री गई थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला दूसरे समुदाय का युवक अपने दो दोस्तों के साथ आया और जबरन पकड़कर कमरे में खींच ले गया। तीनों आरोपियों नपे बेटी से जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ गई। बताते हैं कि खून से लथपथ किशोरी को आरोपी कमरे में ही छोड़कर भाग गए। अपना मोबाइल भी वहीं पर छोड़ गए।

छीना झपटी में किशोरी के हाथ में आरोपी युवक की शर्ट का टूटा बटन भी आ गया। जिसे पुलिस को दिया गया। किशोरी संग थाने पहुंचकर बिलसंडा पुलिस से शिकायत की गई। आरोप है कि दो दिन बाद भी पुलिस ने तो रिपोर्ट दर्ज की न ही किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसके बाद एसपी को दुखड़ा सुना कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

उधर बिलसंडा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

# लू से बचने को पहनें हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। • अमृत विचार

- स्प्रिंगडेल कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में विद्यार्थियों को हीटवेव एवं उससे बचाव शीर्षक पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राध्यापकों की ओर से विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रभारी संगीता गंगवार ने महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। कहा कि हाइपोथैलेमस ( मानव मस्तिष्क का एक भाग ) शरीर के तापमान को नियंत्रित करने का कार्य करता है। जब वायुमंडलीय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तब इसकी क्रियाविधि प्रभावित होने के कारण शरीर का तापमान बढ़ जाता है। जिसे लू लगना कहते हैं। लू से बचाव के उपाय बताए। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने सभी प्रशिक्षुओं को बताया कि हीटवेव से बचाव के उपाय कर इसके खतरे से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों को गर्मी के सीधे संपर्क में आने से बचने के सुझाव दिए। कहा कि हल्के रंग के ढीले - ढाले सम्पूर्ण शरीर को ढकने वाले सूती कपड़े पहने जाएं। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने बताया कि अधिक गर्म जगह पर लम्बे समय तक न रहें यह हीट वेव का कारण बन सकता है। प्रशिक्षु वर्ग में अंजलि , प्रियंका , पिंकी , नैन्सी , शिखा , ज्योत्सना , वर्षा , हर्षित , पंकज , माधुरी , नीतू , शुभम , सीमा , सोनी , तुलसी , सुमन , मानसी , शिवानी , स्नेहा , ध्रुव , तान्या , सचिन , अनुराग , पंकज , सूर्याश आदि ने हीटबेव से बचाव की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. अतुल कुमार , डॉ. कृष्णा शर्मा , शाहिद खान , प्रदीप कुमार , डॉ. सुमन जौहरी , श्रद्धा सिंह , अंग्रेज कौर , नीरज गंगवार , अवनेन्द्र गंगवार ,आलोक उपाध्याय , सचिन कुमार , संजीव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## हंगरी एनिमल्स फीडिंग संस्था ने कराया भंडारा

**पूरनपुर।** पशु प्रेमी हंगरी एनिमल फीडिंग संस्था के युवाओं ने गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों को निशुल्क भोजन कराया गया। कस्बे में संचालित हंगरी एनिमल्स फीडिंग संस्था पशु प्रेमी है। संस्था के पदाधिकारी और सदस्य अभियान चलाकर पशुओं को भोजन कराते हैं। इसके अलावा उनकी सुरक्षा को लेकर भी संस्था तत्पर रहती है। गुरुवार को संस्था की ओर से कोतवाली रोड पर स्थित एक बरात घर के पास भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों भोजन कराया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने दिनभर चले इस भंडारे में भोजन किया और युवाओं के इस कार्य की सराहना की। संस्था के संस्थापक आशुतोष राणा ने बताया कि संस्था में सभी सदस्य युवा है। सभी लोग आवारा पशुओं के लिए खाना और उनकी सुरक्षा के लिए काम करती है। जन हित में भंडारे का आयोजन किया गया है। इस मौके पर अभिनव भदौरिया, अरहम खान, डॉ. ऋषभ सक्सेना, युवराज सिंह, गोपी किशन, मोहित भदोरिया, सनबील रजा, प्रिंस सैनी, रोहित गोस्वामी, आयुष शुक्ला आदि मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। • अमृत विचार






अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारिरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076





खून के आंसू
हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306


# फटकार से आहत शिक्षक का वीडियो वायरल

## फूट फूटकर रोते हुए कर रहे अंतिम नमस्कार, विभाग में मचा हड़कंप

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचार:** बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के निरीक्षण और फटकार से आहत संविलियन विद्यालय अतरिया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अफजल अली अंसारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह न सिर्फ फूट फूटकर रो रहे हैं, बल्कि शर्मिंदगी जताते हुए सभी से अंतिम नमस्कार कर रहे है। इससे उनके आहत होने का अंदाजा लग रहा है। उधर बीएसए ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है।

पलिया ब्लॉक के संविलियन विद्यालय अतरिया का गुरुवार को निरीक्षण करने गए बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी को स्कूल बंद मिला और कक्ष के दरवाजे पर बकरियां देख वह आगबबूला हो गए। तभी मौके पर पहुंचे इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अफजल अली अंसारी को बीएसए ने जमकर फटकार लगाई। इधर, इंचार्ज प्रधानाध्यापक को सोशल मीडिया पर फूट फूटकर रोने का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह सभी से अंतिम नमस्कार (आत्महत्या) कर लेने की बात कह रहे हैं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने वायरल वीडियो में कहा है कि आज 16 मई को बीएसए ने सुबह 09.50 बजे उनके विद्यालय में छापा मारा। उनसे कई सवाल किए और बच्चों से भी पूछा कि टीचर रोज आते हैं या नहीं? बीएसए ने बच्चों और स्टाफ के सामने उनसे नेतागीरी करने आदि के आरोप लगाकर जलील किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बीएसए पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यालय में कमियां होने पर बीएसए को शिक्षक नियमावली के तहत कार्रवाई करनी चाहिए थी, न कि ऐसा व्यवहार करना चाहिए, जिससे शिक्षक की गरिमा तार तार हो। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बेइज्जत होने के बाद दुबारा साथी शिक्षकों एंव बच्चों को मुंह दिखाने में असमर्थता जताकर सभी शिक्षकों को अंतिम नमस्कार किया है। बहरहाल, फूट फूटकर रोने वीडियो इंचार्ज प्रधानाध्यापक की हताशा बयां कर रहे हैं। इसकी जिले भर में चर्चा आम है।

### बीएसए की सफाई भी सोशल मीडिया पर आई

शिक्षक का वीडियो वायरल होने के बाद सकते में आए बीएसए ने अपनी सफाई में निरीक्षण आख्या सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जारी आख्या में बताया गया है कि इंचार्ज प्रधानध्यापक अफजल अली अंसारी हस्ताक्षर करने के बाद विद्यालय से गायब मिले, शिक्षक डायरी भी नहीं प्रस्तुत की गई। कक्षा-सात के बच्चे चन्द्रमा, सूर्य की अंग्रेजी नहीं बता पाये। वहीं कक्षा- 6, 7, 8 के बच्चे पहाड़ा भी नहीं सुना सके। विद्यालय में भौतिक परिवेश एवं शैक्षिक स्तर निम्नकोटि का मिला। विद्यालय में बकरी चरती मिलीं। इसके अलावा शिक्षकों का शिक्षण कार्य भी विभाजन नहीं किया गया मिला। अनुपस्थित का कारण पूछने पर अफजल अली अंसारी कोई उत्तर नहीं दे सके। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन भी नहीं बनता मिला। बीएसए ने स्वयं शिक्षक पर अपने साथ अभ्रदता करने का आरोप लगाया है।

> संविलियन विद्यालय अतरिया का रूटीन निरीक्षण किया था। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए। काफी देर बाद वह आए तो उनसे जो जानकारी मांगी गई, वह नहीं दे पाए। विद्यालय में कई खामियां पाई गई हैं, जिसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक के वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है। निरीक्षण में पूछतांछ इंचार्ज से ही की जाती है। इसमें किसी को आहत करने का उद्देश्य नहीं होता। बच्चों व स्टाफ के सामने बेइज्जत करने का आरोप निराधार है।
> – प्रवीण कुमार तिवारी, बीएसए।

# बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत

संवाददाता, बेहजम, अमृत विचार: कस्बा बेहजम का छोटे लाल (32) ओयल मार्ग पर कोल्हू पर मजदूरी करता था। वह मजदूरी कर बुधवार की शाम पैदल घर जा रहा था। कस्बे में ही बाइक चालक ने टक्कर मार दी और हादसे के बाद फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छोटेलाल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया कि बाइक को पुलिस ने कब्जे में लिया है। बाइक स्वामी और उसके चालक का पता लगाया जा रहा है।

# छेड़छाड़ करने वाला शिक्षामित्र गिरफ्तार

- गुरुवार को एक छात्रा ने परिवार वालों से की शिकायत तो सामने आया मामला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना मैगलगंज क्षेत्र में के एक संविलियन विद्यालय की कक्षा चार में पढ़ने वाली छात्राओं ने स्कूल के शिक्षामित्र पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी शित्रा मित्र को गिरफ्तार कर लिया है।

अभिभावकों ने बताया कि शिक्षामित्र काफी समय से कक्षा चार की छात्राओं से अश्लील हरकतें कर रहा था। साथ ही किसी को बताने पर धमकी देता था। गुरुवार को भी शिक्षामित्र ने एक छात्रा से छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर जाकर अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। पीड़ित छात्रा को लेकर परिवार के लोग थाना पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पूरे मामले को दबाने में जुट गई, लेकिन पूरी घटना का एक वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस भी बैक फुट पर आ गई। पुलिस ने जब छात्राओं से जानकारी ली तो पता चला कि आरोपी एक नहीं कक्षा चार की कई छात्राओं के साथ अश्लील हरकत कर चुका है। पुलिस ने आरोपी शिक्षामित्र इटारा गांव निवासी बालेश्वर मिश्र के खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की और उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर आरोपी शिक्षामित्र बालेश्वर मिश्र ने बताया कि उसे साजिशन फंसाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बीईओ संजीव भारती ने बताया कि उक्त शिक्षामित्र की शिकायत मिली है।

# असंतुलित दिनचर्या, खानपान और तनाव लोगों को बना रहा हाईपरटेंशन का शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन के मरीजों में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसकी मुख्य वजह खराब लाइफस्टाइल और खानपान के साथ बढ़ता तनाव व शारीरिक श्रम का अभाव है। हालांकि कुछ युवाओं में यह समस्या जेनेटिक है। हापरटेंशन की बढ़ती समस्या को देखते हुए एनसीडी सेल ने सरकारी अस्पताल में 30 साल से अधिक उम्र के आने वाले हर मरीज की ब्लड प्रेशर जांच अनिवार्य कर दी है।

पिछले साल जिले में हापरटेंशन के 21236 पुराने रोगियों के अलावा 28104 मरीज नए मिले। इनमें बुजुर्गों के अलावा युवाओं की भी पर्याप्त संख्या है। उधर, सीएचसी से लेकर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर भी रोजाना आठ दस लोगों की जांच करने पर चार पांच लोग हाइपरटेंशन रोगी मिल रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि नौकरीपेशा लोगों पर ऑफिस में काम का दबाव होने से तनाव रहता है। वहीं, रात में भी देर तक जागते हैं। यही वजह लोगों को हाईब्लड प्रेशर का शिकार बना रही है। फिजीशियन डॉ. रोहित पाठक बताते हैं कि अधिकतर लोगों को तो इसके बारे में पता ही नहीं चल पाता कि उन्हें हाइपरटेंशन है। अचानक सीने में तेजदर्द होने, उल्टी और चक्कर आने पर जब वह अस्पताल आते हैं तब जांच में हाईब्लड प्रेशर की मालुमात होती है। उन्होंने बताया कि खान पान दुरुस्त रखकर इस रोग से बचा जा सकता है। वहीं, जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य यानी 120/80 से अधिक 140/90 एमएमएचजी या इससे भी अधिक होता है, तो यह उच्च रक्तचाप की दशा होती है। यदि रक्तचाप अनियंत्रित रहता है, तो हृदय और रक्त वाहिकाओं को गंभीर क्षति होने के साथ किडनी और लिवर को भी नुकसान हो सकता है।.

### खानपान में रखें ध्यान

सोडियम पोषण का अनिवार्य हिस्सा है। यह प्लाज्मा की मात्रा, अम्ल एवं क्षार का संतुलन और कोशिकाओं के सामान्य कार्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं इसकी अधिकता से रक्तचाप बढ़ने लगता है। बाहर के खाद्य पदार्थ में अतिरिक्त चीनी, सोडियम एवं वसा की बेहिसाब मात्रा होती है। जो स्वाद में बेहतर जरूर लगता है, लेकिन उच्च रक्तचाप की वजह बनता है।

**बचाव**
- मोटे अनाज को खाने में शामिल करें।
- पोटैशियम फल व सब्जी में पर्याप्त होता है। यह हृदय की सेहत के लिए जरूरी है।
- फ्रोजन खाद्य पदार्थों को न लें, उसमें भी नमक होता है।
- रोज का घंटा व्यायाम अवश्य करें।
- धूम्रपान कदापि न करें।
- घर पर बने ताजे भोजन का ही सेवन करें।
- मसालेदार चटपटा एवं फास्ट फूड का सेवन न करें।

### क्या है हाईपरटेंशन

दिल को रक्त को पंप करने के दौरान रक्त जिस दबाव से रक्त धमनियों की दीवारों से टकराता है। उस दबाव को रक्तचाप यानि ब्लड प्रेशर कहा जाता है। अगर रक्त का रक्त धमनियों की दीवारों पर तेज दबाव बनता है तो यह हाई ब्लड प्रेशर यानि उच्च रक्तचाप है।

**लक्षण**

सिरदर्द, छाती में दर्द, चक्कर आना, सांस लेने में परेशानी, असामान्य हृदयगति, जी मिचलना, उलझन महसूस होना, अचानक ज्यादा प्यास लगना।


प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# कस्ता में दिनदहाड़े डेढ़ लाख रुपये की छिनैती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में एकाएक बढ़ी चोरी, लूट की घटनाओं से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। गुरुवार को गोला गोकर्णनाथ में पंजाब नेशनल बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर बाइक की डिग्गी में रखकर युवक एक दुकान में सामान लेने लगा, इसी बीच उचक्के ने डिग्गी से झोले में रखे 40 हजार रुपये उड़ा लिए। उधर, मितौली में सरेआम बाजार से गल्ला व्यापारी का थैला लेकर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। थैले में डेढ़ लाख रुपये की नगदी थी।

**दिनदहाड़े उचक्के ने डिग्गी से उड़ाए 40 हजार :गोला गोकर्णनाथ:** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम काजरकोरी निवासी नंदलाल के पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने नगर की मोहम्मदी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक सें दोपहर डेढ़ बजे 40 हजार रुपये निकाले, उन्हें झोले में रखकर डिग्गी में बंद कर दिया और मिल रोड स्थित गुप्ता बीज भंडार पर बाइक खड़ी कर सामने की दुकान में स्प्रे मशीन का चार्जर लेने गया। इतने में ही अज्ञात व्यक्ति बाइक की डिग्गी से झोले में रखे 40 हजार, बैंक की तीन पासबुकें लेकर चला गया। सीसीटीवी कैमरे में देखने पर नीले रंग की शर्ट पहने हुए एक व्यक्ति को बाइक के निकट खड़ा देखा गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### डेढ़ लाख रुपये की नकदी से भरा थैला उठा ले गए बदमाश

**मितौली।** थाना मितौली के गांव बरूई निवासी रामपाल गुप्ता उर्फ बलारी रोज की भांति कस्ता चौराहा के निकट मेडिकल स्टोर के बगल में गेहूं खरीद कर रहे थे। तभी गेहूं खरीद करते समय बाइक सवार दो अज्ञात युवक गेहूं लेकर उनके पास आए। रामपाल गुप्ता जब तक गेहूं बोरे में भरते। तब तक एक बाइक सवार बाइक स्टार्ट किए खड़ा रहा। दूसरा उनकी रुपए से भरी थैली उठा ली और बाइक पर सवार होकर भाग निकला। व्यापारी और आसपास के लोग जब तक शोर मचाते। तब तक आरोपी रफू चक्कर हो गए। पुलिस पिकेट से 100 मीटर दूर दिनदहाड़े भरी बाजार में हुई घटना से व्यापारियों में दहशत है। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

